प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

5 days **“**Mid Career Training Programme **”**

दिनांक **12-09-2022 से 16-09-2022**

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **12-09-2022 से 16-09-2022** तक “ Mid Career Training Programme ” विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कान्फ्रेन्स हॉल न0 03 में आयोजित किया गया। उक्त कोर्स हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एवं श्री मोहन लाल लाठर, आईपीएस, महानिदेशक पुलिस, राजस्थान ने कोर्स का औपचारिक उदघाटन कर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के **18** प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 09:45 AM to 10:00 AM तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। द्वितीय सत्र में श्री ज्ञानेश्वर सिंह, आईपीएस डीडीजी, एनसीबी नई दिल्ली ने नार्को आतंकवाद पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री विजय कुमार सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात, ने सुरक्षित सड़कें:- सड़क सुरक्षा- यातायात प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में श्री मेवा राम, सयुक्त सचिव, वित्त सचिवालय जयपुर ने सामान्य वित्त और लेखा नियम और आरटीपीपी नियम 2012 के बारे में समझाया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री शरत कविराज, आईपीएस, महानिरीक्षक पुलिस, एससीआरबी, ने राजस्थान में सीसीटीएनएस और पुलिस द्वारा प्रयोग किये जा रहे ऐप पर विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में

श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेंसिक सलाहकार आरपीए, जयपुर ने साइबर अपराधों की जांच हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। तृतीय सत्र में श्री विश्वास भारद्वाज, डीडी, एफएसएल, जयपुर ने अपराध दृश्य प्रबंधन और डिजिटल साक्ष्य को संभालना के बारे में समझाया। चतुर्थ सत्र में ऑनलाइन क्लास श्री देवेश चंद्र श्रीवास्तव महानिदेशक पुलिस मिजोरम ने पुलिसिंग में प्रौद्योगिकी का उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री विशाल बंसल, आईपीएस,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कम्युनिटी पुलिसिंग, राजस्थान ने सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का अवलोकन पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में श्री संजय अग्रवाल, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, रेल्वेज, राजस्थान ने कानून और व्यवस्था की स्थिति को संभालने वाली शहरी पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तृतीय सत्र में ऑनलाइन क्लास श्री **AYV** कृष्णा, आईपीएस, एडीजीपी, असम पुलिस ने आर्थिक अपराधों की जांच के बारे में समझाया। चतुर्थ सत्र में डॉ रवि प्रकाश मेहरडा, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, क्राइम, राजस्थान, जयपुन ने महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध नवीनतम रूझान ओर पुलिस की भूमिका के बारे में बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में ऑनलाइन क्लास श्री भूषण जी बोरासे, आईपीएस, सहायक निदेशक, सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद, तेलंगाना ने ब्लॉकचेन और क्रिप्टोकरेंसी पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री डॉ रोहित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ईटा, जयपुन ने डार्क नेट और वीपीएन के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। तृतीय सत्र में श्री प्रवीण भटनागर, आरएचजेएस, प्रमुख सचिव, कानून, सचिवालय, जयपुर ने न्यायालयों में विचारण : कमियां के बारे में समझाया। चतुर्थ सत्र में क्लास श्री सत्य नारायण साबत, आईपीएस, डी.जी. पावर कॉर्पोरेशन, उत्तर प्रदेश ने भीड़ प्रबंधन कुंभ मेले के विशेष संदर्भ में (आनॅलाइन) विस्तार पूर्वक चर्चा की।

पंचम दिन के प्रथम सत्र में श्री रमेश चौधरी, पीओ, आरपीए, जयपुर ने कानून में नवीनतम संशोधन के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री सुनील दत्त, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, व श्री गोविंद पारीक, अतिरिक्त निदेशक प्रचार पीएचक्यू, राज. जयपुर, एवं श्री ओम प्रकाश शर्मा, उप समाचार, संपादक, राजस्थान पत्रिका जयपुर, एंव श्री अमित भट्ट, पत्रकार, व श्री गोवर्धन चौधरी, वरिष्ठ विशेष संवाददाता, दैनिक भास्कर डिजिटल, जयपुर, ने पैनल चर्चा: मीडिया प्रबंधन, प्रभावी पुलिसिंग के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के बारे में बताया। तृतीय सत्र में श्री ऑनलाइन क्लास डॉ. विमल शर्मा, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय ने कार्य जीवन संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। अन्तिम सेशन में ग्रुप पीपीटी का आयोजन किया गया। कोर्स का समापन में श्री राजीव शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, आरपीए, जयपुर ने कोर्स से सम्बन्धित चर्चा की एवं चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन सत्र के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक